e-paper : www.dailynewsactivist.com लखनऊ, बुधवार, 10 अक्टूबर 2018, आश्विन मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा, संवत् 2075 विक्रमी वर्ष-11, अंक-352, पृष्ठ-12, मूल्य- ₹ 2.00, नगर संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
डेली न्यूज़ ऐक्टिविस्ट
शब्द शब्द संघर्ष

RNI NO.: UPHIN/2007/41982 संस्करण : लखनऊ website : www.dnahindi.com डाक पंजीयन : एसएसपी/एल.डब्लू./एन.पी.-358/2016-18

रिसर्च-मेथाडॉलोजी पुस्तक का विमोचन

लखनऊ। सेंटर फार इजुकेशन ग्रोथ व रिसर्च संस्थान ने 13वीं पुस्तक का विमोचन कर दिया। रवीश रोशन निदेशक सीईजीआर ने बताया कि यह पुस्तक भारतवर्ष में अपनी तरह की अलग पहचान वाली पहली-पुस्तक प्रकाशित हो रही है, जिसमें पाठ्यक्रम के अनुसार सभी मूल-चैप्टर शामिल किए गये हैं। विद्यार्थियों के लिए यह एक प्रकार की अनोखी पुस्तक साबित होगी, जिसमें उनके सभी प्रश्नों के उत्तर मिल सकेगा। प्रख्यात शिक्षाविद स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज लखनऊ के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह इस पुस्तक के 'इडिटोरियल-सदस्यों' में अपनी अग्रणी भूमिका निभायी है। इन्होंने 28-चैप्टर इस की पुस्तक में 6-चैप्टर स्वयं तैयार किए हैं। स्कूल ऑफमैनेजमेन्ट साइन्सेज के अध्यक्ष एसके सिंह तथा सचिव व कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने संस्थान की इस उपलब्धि के लिए प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. सिंह की सराहना की।